प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 21.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में आज राजस्थान के जैसलमेर में 55वीं जीएसटी परिषद की बैठक जारी, झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी ले रहे हैं भाग।
2. रांची के धुर्वा में आवास बोर्ड की जमीन पर साढ़े पांच हजार फ्लैटों का होगा निर्माण, ई–लॉटरी के माध्यम से किये जायेंगे आवंटित।
3. साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, देवघर और जामताड़ा से 14 अपराधी गिरफ्तार।
4. साहिबगंज के राजमहल में फायर ब्रिगेड की गाड़ी गंगा में डूबी, चालक लापता, तलाश जारी।
5. 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलों की मेजबानी और तैयारियों को लेकर रांची में हुई उच्चस्तरीय बैठक, आठ जनवरी से शुरु होंगी प्रतियोगिताएं।

****************

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक आज जैसलमेर में हो रही है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन बैठक की अध्यक्षता कर रही हैं। इसमें वस्तु एवं सेवा कर से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के अलावा झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी भाग ले रहे हैं।

****************

झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने रांची के धुर्वा में तीन हजार तीन सौ करोड़ रुपये की लागत से पांच हजार पांच सौ फ्लैटों का निर्माण कराने का फैसला किया है। इसके अलावा बरियातू में आवासीय सह व्यावसायिक काम्प्लेक्स भी बनाया जायेगा। यह निर्णय बोर्ड की 76वीं बैठक में लिया गया। बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि ई–लॉटरी के माध्यम से लोगों को ये फ्लैट उपलब्ध कराये जायेंगे।

****************

झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धौनी के रांची स्थित हरमू आवास के व्यवसायिक उपयोग की जांच कराने के बयान पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा है कि बिना जांच पड़ताल किये एक अंतर्राष्ट्रीय हस्ती के खिलाफ इस तरह की बयानबाजी अनुचित है।

****************

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राज्य के चार जिलों में रामगढ़, हजारीबाग, गुमला और सिमडेगा में सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के नोडल ऑफिसर डॉक्टर कमलेश कुमार ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि अभियान के तहत अलग–अलग जगहों पर निःक्षय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां पोर्टेबल एक्सरे मशीन से रोगियों की जांच की जा रही है।

****************

विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि भारत ने मलेरिया के मामलों और उससे जुड़ी मृत्यु दर कम करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। स्वास्थ्य संगठन की वर्ष 2024 की विश्व मलेरिया रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार देश भर में वर्ष 2017 में मलेरिया के अनुमानित मामलों की संख्या 64 लाख से घटकर वर्ष 2023 में 20 लाख हो गई है। देश में मलेरिया से होने वाली मौतों की अनुमानित संख्या लगभग 11 हजार थी जो घटकर 3 हजार पांच सौ रह गई है। मृत्यु दर में 68 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी दर्ज हुई है।

****************

गढ़वा जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से 90 दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम शुरु किया गया है। इस कड़ी में गढ़वा व्यवहार न्यायालय परिसर से रंका मोड़ तक रैली निकालकर लोगों को कानूनी अधिकार के प्रति जागरुक किया गया। रैली में शामिल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और प्राधिकार के अध्यक्ष नलिन कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उदेश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक कानूनी अधिकार के प्रति सजग करना है।

*****************

साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने देवघर जिले के पत्थरड्डा ओपी और देवीपुर थाना क्षेत्र से आठ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से 14 मोबाइल फोन और 20 फर्जी सिम कार्ड समेत कई अन्य आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं। उधर, जामताड़ा जिले के कर्माटांड और नारायणपुर थाना क्षेत्र से भी पुलिस ने छह शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

*****************

संताल परगना के साहिबगंज जिले में आज सुबह फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी गंगा में डूब गयी। गाड़ी का ड्राइवर लापता है। घटना राजमहल अनुमंडल स्थित गंगा तट पर हुई। सूचना मिलते ही राजमहल एसडीओ कपिल कुमार, एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, सीओ यूसुफ शेख, अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार शुक्ला गंगा तट पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि गाड़ी में कुछ तकनीकी गड़बड़ी आ जाने के कारण यह हादसा हुआ।

*****************

आज प्रथम विश्व ध्यान दिवस है। इस दिवस का आयोजन शांति और कल्याण की भावना से तथा होशपूर्वक जीवन जीने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। समझा जाता है कि तनाव, हिंसा और सामाजिक असंतोष सहित कई वैश्विक चुनौतियों का समाधान कर सकने की क्षमता ध्यान में है।

*****************

चतरा में आयोजित युवा महोत्सव में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

*****************

68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलों की शुरुआत आठ जनवरी से हो रही है। झारखंड को पांच खेलों की मेजबानी मिली है। इन खेलों की मेजबानी और तैयारियों को लेकर शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक में खेलों के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने, स्वच्छता, खिलाडियों के ठहरने की व्यवस्था और मेडिकल सुविधाओं सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई।

*****************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- चतरा जिले के टंडवा थाने की एएसआई संगीता मिंज को हजारीबाग एसीबी ने घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। वह केस के अनुसंधान को लेकर चार हजार रुपये रिश्वत ले रही थी।
- देवघर नगर निगम क्षेत्र में जमीन स्वामित्व संबंधित शिकायत मिलने के बाद के पीएम आवास शहरी चतुर्थ घटक के एक हजार छियासी लाभुकों के भुगतान पर रोक लगा दी गयी है। हालांकि इस मामले के समाधान के लिए नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने गंभीरता दिखायी है। उन्होंने इसके लिए वार्ड वार टीम का गठन किया है।

************